S.T.D. 0581
2527263, 2521122
2527282, 2523378

महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

बरेली – 243 006 (भारत)
BAREILLY-243 006 (INDIA)

पत्रांक : रू.वि./प.नि.का./प.सु.प./2020/ 1095-1102 दिनांक : 18.12.2020

प्रेस विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय मुख्य परीक्षा वर्ष 2020 की **परीक्षा सुधार परीक्षा** एवं विश्वविद्यालय परीक्षा 2019 तथा पूर्व वर्षो के स्नातक स्तर के **खेलकूद एवं शारीरिक शिक्षा तथा पर्यावरण विज्ञान विषय** में Not Cleared छात्र, परीक्षा सुधार परीक्षा का आवेदन पत्र विश्ववविद्यालय की बेवसाइट www.mjpru.ac.in के माध्यम से ऑनलाईन भरे जाने की अन्तिम तिथि 15.12.2020 निर्धारित थी। छात्रों एवं महाविद्यालयों के अनुरोध को दृष्टिगत रखते हुये उक्त तिथि निम्नानुसार विस्तारित की जाती है। सूच्य हो कि इस बार केवल उन्ही विषयों/प्रश्नपत्रों की परीक्षा सम्पन्न करायी जायेगी जिनकी मुख्य परीक्षा आयोजित की गयी है। साथ ही विशेष अनुमति के अन्तर्गत आने वाले **खेलकूद एवं शारीरिक शिक्षा तथा पर्यावरण विज्ञान विषय** में Not Cleared ऐसे छात्र जिन्होनें मुख्य परीक्षा 2020 के साथ आवेदन किया था किन्तु उनकी परीक्षा आयोजित नहीं करायी गयी है, उन्हें पुनः आवेदन किये जाने की आवश्यकता नहीं है। परीक्षा सुधार परीक्षा का शुल्क रू. 825/- निर्धारित है, जो ऑनलाईन जमा किया जा सकेगा। आवेदन पत्र ऑनलाईन भरने का कार्यक्रम निम्नवत है :-

परीक्षा आवेदन पत्र कार्यक्रम

1.	विश्वविद्यालय बेवसाईट पर परीक्षा फार्म ऑनलाईन उपलब्ध होने की प्रारम्भिक तिथि	-	19.12.2020
2.	अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि	-	24.12.2020
3.	अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाईन परीक्षा शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि	-	25.12.2020
4.	भरे गये परीक्षा फार्म को सम्बन्धित महाविद्यालय में जमा करने की अन्तिम तिथि	-	26.12.2020
4.	महाविद्यालय द्वारा परीक्षा फार्म को ऑनलाईन अनुमोदित करने की अन्तिम तिथि	-	28.12.2020
5.	महाविद्यालय द्वारा आवेदन पत्र विश्वविद्यालय जमा करने की अन्तिम तिथि	-	29.12.2020

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :-

1. प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त सम्बन्धित महाविद्यालयों को इस अनुरोध के साथ कि कृपया उपर्युक्त समय सारिणी के अनुसार आवेदन पत्र भरवाकर ऑनलाईन अनुमोदित कर जमा कराया जाना सुनिश्चित करें।
2. मीडिया प्रभारी, महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।
3. सहायक कुलसचिव (परीक्षा)।
4. प्रशासनिक अधिकारी (परीक्षा/गोपनीय)।
5. प्रभारी, अतिगोपनीय/विश्वविद्यालय बेवसाइट/केन्द्रीय कम्प्यूटर केन्द्र।
6. प्रभारी, ऑनलाईन एजेन्सी को इस आशय से कि कृपया विश्वविद्यालय सम्पन्न करायी गयी मुख्य परीक्षा 2020 में केवल उन्हीं कक्षा विषयों/प्रश्नपत्रों का आवेदन पत्र भरवाया जाना सुनिश्चित करें जिनकी परीक्षा सम्पन्न हुयी है। विश्वविद्यालय द्वारा जिनकी परीक्षायें सम्पादित नहीं करायी गयी है, उनके आवेदन पत्र नहीं भरवाये जाने हैं।
6. निजी सचिव, कुलपति।
7. वै.सहा., कुलसचिव।

परीक्षा नियंत्रक